# राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, मध्यप्रदेश
**Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan**
(मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान समिति, लोक शिक्षण संचालनालय परिसर, गौतम नगर, भोपाल–462023)
(M.P. Madhyamik Shiksha Abhiyan Samiti, Directorate of Public Instruction Campus, Gautam Nagar, Bhopal-462023)
दूरभाष : 0755–2581067, ईमेल : <mp.rmsa@gmail.com>


क्रमांक : समग्रशिक्षा/परीक्षा पे चर्चा (सीजन–5)/ 2022/ 141 भोपाल, दिनांक 13.01.2022

प्रति

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला परियोजना समन्वयक
समस्त जिले, (म.प्र.)

विषयः– परीक्षा पे चर्चा (सीजन–5)कार्यक्रम संबंधी।

संदर्भ – सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली का डी.ओ. पत्र क्र./6-3/2021 Desk (MDM) dated the 23rd December, 2021

—00—

माह फरवरी 2022 में **"परीक्षा पे चर्चा (सीजन–5)"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा कक्षा 9वी से 12वीं तक के छात्र–छात्राओं उनके अभिभावकों व शिक्षकों के साथ वर्चुअल मोड पर चर्चा करेगें।

इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु छात्र–छात्राओं उनके अभिभावकों व शिक्षकों को एक ऑनलाईन प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। इस हेतु https://**www.mygov.in** बेवसाईट पर रजिस्ट्रेशन करते हुए एक लेखन प्रतियोगिता में भाग लेना होगा।

कृपया आपके जिले अंतर्गत समस्त विद्यालयों एवं कक्षा 9वीं से 12वीं तक के समस्त छात्र–छात्राओं उनके अभिभावकों व शिक्षकों को सूचित करें। बेवसाईट पर ऑनलाईन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 20 जनवरी 2022 तक सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में भाग लेने हेतु विस्तृत विवरण पत्र के साथ संलग्न है।

(कामना आचार्य)
अपर संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
म.प्र. भोपाल

## कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (आर.एम.एस.ए.), जिला छिंदवाड़ा

पृ.क्र./ 032 /आर.एम.एस.ए./2021–22 छिंदवाड़ा दिनांक 13/01/2022

प्रतिलिपि :–

1. अपर संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय,म.प्र. भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला – छिंदवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला – छिंदवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण जबलपुर, संभाग – जबलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. समस्त प्राचार्य, शास./अशास, हाईस्कूल/उमावि, जिला – छिंदवाड़ा की ओर सूचनार्थ कर निर्देशित किया जाता हैं कि पत्र में दिये गये निर्देशानुसार आपकी शाला में कार्यरत शिक्षकों एवं शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों को ऑनलाईन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पत्र में दी गई वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन कराते हुये ऑनलाईन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अनिवार्यतः निर्देशित करें।

13.01.2022

जिला शिक्षा अधिकारी,
पदेन जिला परियोजना समन्वयक
(RMSA)
जिला – छिंदवाड़ा



हर युवा को जिस संवाद का इंतजार है, वह एक बार फिर आ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा का इंतजार खत्म हुआ!

परीक्षा के तनाव और घबराहट को भूल कर प्रधानमंत्री से अपने सवालों के जवाब पाने के लिए हो जाएं तैयार!

आप सभी की मांग पर इस बार प्रधानमंत्री के साथ इस लोकप्रिय संवाद में न केवल छात्र, बल्कि माता-पिता और शिक्षक भी शामिल हो सकेंगे।

हम सभी के प्रेरणा स्रोत प्रधानमंत्री से न केवल आप सुझाव व सलाह पाएंगे, बल्कि आप उनसे अपने मन के सवाल भी पूछ सकते हैं!

तो आपको (एक छात्र, अभिभावक या शिक्षक) परीक्षा पे चर्चा के चौथे संस्करण में शामिल होने का मौका कैसे मिलेगा?

इसमें शामिल होना बहुत ही आसान है।

**जानिए कैसे :**

- सबसे पहले ऊपर दिए गए 'भाग लें' बटन पर क्लिक करें।
- याद रखें, कक्षा 9 से 12 तक के स्कूली छात्रों के लिए यह प्रतियोगिता खुली है।
- छात्र, उनके लिए निर्धारित विषयों में से किसी एक पर अपने जवाब भेज सकते हैं।
- छात्र अधिकतम 500 अक्षरों में माननीय प्रधानमंत्री को अपना प्रश्न भी भेज सकते हैं।
- माता/पिता और शिक्षक भी इसमें भाग ले सकते हैं। विशेष रूप से उनके लिए निर्धारित ऑनलाइन गतिविधियों जरिए वे अपनी प्रविष्टि भेज सकते हैं।



## पुरस्कार



MyGov पर आयोजित प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित लगभग 2050 छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शिक्षा मंत्रालय द्वारा पीपीसी किट भेंट किए जाएंगे।

**विषय** [redacted]

## For Students




*कोविड-19 के दौरान परीक्षा के तनाव को कम करने की रणनीति:*

महामारी के दौरान और आगामी परीक्षा को लेकर तनाव को कम करने के लिए एक छात्र के रूप में आपके द्वारा अपनाई गई रचनात्मक रणनीतियां।



*आजादी का अमृत महोत्सव*

क्या आप उस गांव/नगर/शहर के इतिहास के बारे में जानते हैं जहां आप रहते हैं? अपने गांव, कस्बे या शहर के बारे में लिखें और स्वतंत्रता संग्राम में स्थानीय संघर्षों व योगदानों की कहानी साझा करें।

*आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर स्कूल :*

आपके लिए आत्मनिर्भर के क्या मायने है? जब कोविड-19 के कारण स्कूल पूरी तरह से नहीं चल रहे थे तो शिक्षण और सीखने के मामले में आप और आपके शिक्षकों को "आत्मनिर्भर" बनाने संबंधी अपने विचार साझा करें।



*स्वच्छ भारत हरित भारत:*

जलवायु परिवर्तन के खिलाफ भारत की लड़ाई को मजबूत करने के लिए अपने विचार साझा करें।


## शिक्षक [redacted]

1. 'शिक्षक के माध्यम से भागीदारी' का चयन शिक्षकों द्वारा उन छात्रों की भागीदारी लिए किया जा सकता है, जिनके पास पीपीसी 2022 में भाग लेने के लिए इंटरनेट या ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर नहीं है।
2. एक शिक्षक लॉगिन के जरिए एक या एक से अधिक छात्रों (एक समय में एक) की प्रविष्टियों का सही विवरण जमा करने में सक्षम होंगे।
3. 'शिक्षक के माध्यम से भाग लेने' वाले टैब पर क्लिक करने पर शिक्षक अपने द्वारा भेजे गए सभी प्रविष्टियों की स्थिति को देखने में सक्षम होंगे।

## माता-पिता और [redacted]

1. सभी माता/पिता और शिक्षकों के लिए भागीदारी खुली है।
2. माता/पिता और शिक्षक MyGov प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करके प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। भारत से बाहर के प्रतिभागियों के लिए, ईमेल आईडी पर भेजे गए ओटीपी का उपयोग करके पंजीकरण किया जा सकता है।
3. माता/पिता और शिक्षक उनके लिए निर्दिष्ट केवल एक विषय में भाग ले सकते हैं।
4. माता/पिता और शिक्षकों को अपनी प्रविष्टि भेजते समय प्रत्येक गतिविधि के लिए निर्धारित शब्द सीमा का ध्यान रखना चाहिए।
5. भेजी गई प्रविष्टि मौलिक, रचनात्मक और सरल होनी चाहिए।
6. प्रविष्टियों को सफलतापूर्वक जमा करने पर सभी माता/पिता और शिक्षकों को भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होगा, जिसे वे डाउनलोड कर और #PPC2022 के साथ सोशल मीडिया पर शेयर कर सकते हैं।
7. प्रतिभागियों को अपने शब्दों में केवल मौलिक जवाब भेजना चाहिए।
8. प्रविष्टि में कोई उत्तेजक आपत्तिजनक या अनुचित सामग्री नहीं होनी चाहिए।
9. कंटेंट में बदलाव कर गैर कानूनी तरीके से प्रकाशित करने, या विलंब से व गलत प्रविष्टि भेजने की ज़िम्मेदारी प्रतिभागी पर होगी।
10. प्रतियोगियों द्वारा भेजी गई सभी प्रविष्टियों का उपयोग शिक्षा मंत्रालय और MyGov द्वारा सोशल मीडिया या वेबसाइट पर या आवश्यकतानुसार किसी अन्य रूप में किया जा सकता है।

## महत्वपूर्ण तिथियां



| | |
|---|---|
| Start Date | 28th December 2021 |
| End Date | 20th January 2022 |

*बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ*

देश में माननीय प्रधानमंत्री के "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" के आहवान के सफल कार्यान्वयन के सात साल पूरे हो गए हैं। इस अभियान ने राष्ट्रीय विकास में किस तरह योगदान दिया, इस विषय पर एक रचनात्मक लेख लिखें।



*लोकल टू ग्लोबल - वोकल फॉर लोकल:*

'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम को सुनिश्चित करते हुए आप, भारत को 'लोकल से ग्लोबल' किस तरह बनाएंगे?

*छात्रों की तरह आजीवन सीखने की ललक:*

किसी भी नई तकनीक के बारे में लिखें, जो आपने COVID-19 महामारी के दौरान अपने बच्चों से सीखी थी।

## [illegible]

1. केवल कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के स्कूली छात्र ही इसमें भाग ले सकते है।
2. MyGov प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करके इस प्रतियोगिता में भाग लिया जा सकता है। भारत के बाहर रहने वाले भागीदारी के लिए ईमेल आईडी पर भेजे गए ओटीपी का उपयोग करके पंजीकरण कर सकते हैं।
3. छात्र अपने लिए निर्धारित केवल एक थीम में भाग ले सकते हैं।
4. छात्रों को प्रत्येक गतिविधि के लिए निर्धारित शब्द सीमा में ही अपनी प्रविष्टि भेजनी होगी।
5. छात्रों द्वारा भेजी गई प्रविष्टि मौलिक, रचनात्मक और सरल होनी चाहिए।
6. प्रधानमंत्री से सवाल 500 अक्षरों से अधिक नहीं होना चाहिए।
7. प्रविष्टियों को सफलतापूर्वक जमा करने पर सभी छात्रों को भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होगा जिसे वे डाउनलोड कर और #PPC2022 के साथ सोशल मीडिया पर शेयर कर सकते हैं।
8. ओटीपी के लिए छात्र अपना / माता/पिता/शिक्षक के मोबाइल नंबर का उपयोग कर सकते हैं।
9. छात्रों को अपने शब्दों मे मौलिक जवाब भेजना चाहिए।
10. किसी भी प्रतिभागी द्वारा कोई भी गलत जानकारी/ प्रविष्टि जमा करने पर पीपीसी 2022 से उसकी भागीदारी को अयोग्य करार दिया जाएगा।
11. प्रविष्टि में कोई उत्तेजक, आपत्तिजनक या अनुचित कंटेंट नहीं होनी चाहिए।
12. कंटेंट में बदलाव कर गैर कानूनी तरीके से प्रकाशित करने, या विलंब से व गलत प्रविष्टि भेजने की ज़िम्मेदारी प्रतिभागी पर होगी।
13. प्रतियोगियों द्वारा भेजी गई सभी प्रविष्टियों का उपयोग शिक्षा मंत्रालय और MyGov द्वारा सोशल मीडिया या वेबसाइट पर या आवश्यतानुसार किसी अन्य रूप में किया जा सकता है।
14. प्रत्येक विजेता को निदेशक, एनसीईआरटी द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
15. प्रत्येक विजेता को एक विशेष परीक्षा पे चर्चा किट भी मिलेगी, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में लिखित एग्जाम वॉरियर्स की पुस्तक शामिल है।


## [redacted]

1. 'शिक्षक के माध्यम से भागीदारी' का चयन शिक्षकों द्वारा उन छात्रों की भागीदारी लिए किया जा सकता है, जिनके पास पीपीसी 2022 में भाग लेने के लिए इंटरनेट या ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर नहीं है।
2. एक शिक्षक लॉगिन के जरिए एक या एक से अधिक छात्रों (एक समय में एक) की प्रविष्टियों का सही विवरण जमा करने में सक्षम होंगे।
3. 'शिक्षक के माध्यम से भाग लेने' वाले टैब पर क्लिक करने पर शिक्षक अपने द्वारा भेजे गए सभी प्रविष्टियों की स्थिति को देखने में सक्षम होंगे।

## माता-पिता [redacted]

1. सभी माता/पिता और शिक्षकों के लिए भागीदारी खुली है।
2. माता/पिता और शिक्षक MyGov प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करके प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। भारत से बाहर के प्रतिभागियों के लिए, ईमेल आईडी पर भेजे गए ओटीपी का उपयोग करके पंजीकरण किया जा सकता है।
3. माता/पिता और शिक्षक उनके लिए निर्दिष्ट केवल एक विषय में भाग ले सकते हैं।
4. माता/पिता और शिक्षकों को अपनी प्रविष्टि भेजते समय प्रत्येक गतिविधि के लिए निर्धारित शब्द सीमा का ध्यान रखना चाहिए।
5. भेजी गई प्रविष्टि मौलिक, रचनात्मक और सरल होनी चाहिए।
6. प्रविष्टियों को सफलतापूर्वक जमा करने पर सभी माता/पिता और शिक्षकों को भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होगा, जिसे वे डाउनलोड कर और #PPC2022 के साथ सोशल मीडिया पर शेयर कर सकते हैं।
7. प्रतिभागियों को अपने शब्दों में केवल मौलिक जवाब भेजना चाहिए।
8. प्रविष्टि में कोई उत्तेजक आपत्तिजनक या अनुचित सामग्री नहीं होनी चाहिए।
9. कंटेंट में बदलाव कर गैर कानूनी तरीके से प्रकाशित करने, या विलंब से व गलत प्रविष्टि भेजने की ज़िम्मेदारी प्रतिभागी पर होगी।
10. प्रतियोगियों द्वारा भेजी गई सभी प्रविष्टियों का उपयोग शिक्षा मंत्रालय और MyGov द्वारा सोशल मीडिया या वेबसाइट पर या आवश्यकतानुसार किसी अन्य रूप में किया जा सकता है।

## महत्वपूर्ण तिथियां



| | |
|---|---|
| Start Date | 28th December 2021 |
| End Date | 20th January 2022 |